डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: CoE/445/2023 दिनांक: 13/07/2023

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
(स्नातक / परास्नातक अन्तिम वर्ष परीक्षाऐं 2023)
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय,

विश्वविद्यालय पत्रांक सी0ओ0ई0 / 424 / 2023 दिनांक 01.07.2023 के कम में कतिपय महाविद्यालयों पर विश्वविद्यालय के विगत सत्रों के बकाया परीक्षा शुल्क के बारे में यह निर्देशित किया गया था कि बकाया शुल्क वाले महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के प्रवेश पत्र बकाया शुल्क के कारण निर्गत नही किये जा सकेगें, परन्तु संज्ञान में आया है कि जिन महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों को बकाया शुल्क के कारण प्रवेश पत्र निर्गत नही किये गये है, ऐसे परीक्षार्थियों को कतिपय परीक्षा केन्द्रों ने प्रवेश पत्र न होने के बावजूद परीक्षा में सम्मिलित करा दिया है जो कि आपत्तिजनक है।

कृपया आपसे अनुरोध है कि बिना प्रवेश पत्र के किसी भी परीक्षार्थियों को गतिमान परीक्षाओं में सम्मिलित न कराया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (स्नातक / परास्नातक अन्तिम वर्ष परीक्षाऐं 2023)।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. अधीक्षक, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. प्रभारी, बेवसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
7. एंजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0—डी0 पर आज ही अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक